# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
# जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

## फसल उत्पादन एवं पौध संरक्षण विषय पर कार्यशाला

माह अक्टूबर 2015 के द्वितीय सप्ताह में दिनांक 13.10.2015 को शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली में फसल उत्पादन एवं पौध संरक्षण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें शासकीय कृषि महाविद्यालय अम्बिकापुर के कृषि वैज्ञानिक डॉ0 व्ही0 के0 सिंह एवं डॉ0 रंजीत सिंह द्वारा पौध संरक्षण एवं कृषि उपकरणों की उपयोगिता,मृदा परीक्षण तथा बेहतर फसल उत्पादन पर व्याख्यान और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उक्त कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं 76 छात्र/छात्राएँ उपस्थित थे।




प्राचार्य,
शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# एक दिवसीय कार्यशाला - कार्यक्रम 13-10-15

आज दिनांक 13.10.15 को महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कृषि महाविद्यालय, अजिरमा (अम्बिकापुर) के कृषि वैज्ञानिक डॉ. वी.के. सिंह एवं डॉ० रंजीत सिंह के द्वारा, फसल उत्पादन एवं पौध संरक्षण विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य 13/10/15
शासकीय महाविद्यालय
सिलफिली, सूरजपुर (छ.ग.)

1. [signature]
2. [signature]
3. [signature]
4. Anjana
5. Govind
6. Rinki
7. [signature]
8. Rekha
9. [signature]

Scanned with CamScanner

दि. 13-10-18 को आयोजित विभाग. के फसल विज्ञान, "फल एवं सब्जी तथा पौध संरक्षण" कार्यशाला में महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं की उपस्थिति –

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| पवन यादव | B.A. III | Pawan |
| बिनेश्वर कुमार | B.SC I | Brijwade |
| दिगम्बर राजवाड़े | B.SC I | Digamber |
| संजय प्रजापति | B.A. I | Sanjay |
| अशोक यादव | B.SC. II year | A. Yadav |
| नित्यानंद सिंह | B.A. I | Nityanand |
| दुर्गेश कुमार राजवाड़े | B.SC I year | [illegible] |
| राजेन्द्र कुमार | B.A I year | Rajendra |
| RAM KARAN SINGH | BSC III year | [illegible] |
| मनोज कुमार | B.SC I year | Manoj |
| श्रवण सिंह | B.Sc. I year | Shrawan |
| नेहरू | B.A. III year | नेहरू |
| [illegible] | B.A. I year | [illegible] |
| बसन्त कुमार | B.SC Ist year | B.kumar |
| महिमा सिंह | B.SC Ist year | Mahima |
| धर्मेन्द्र | B.Sc Ist year | धर्मेन्द्र |
| प्रदीप कुमार | B.A III year | Pradeep |
| शरनपाल | B.A I year | शरनपाल |
| रविकेश सिंह | B.A I year | R.Singh |
| इन्द्रजीत यादव | B.SC I year | Indrajeet |
| दिवाकर सिंह | B.SC I year | Diwakar |
| उमेश राजवाड़े | B.SC I year | [illegible] |
| मनीषा भगोरिया | B.S.C. I year | Manisha |
| गायत्री सिंह | B.S.C I year | Gayatri singh |
| प्रिया गुप्ता | B.SC I year | Priya Gupta |
| मीनाक्षी कुशवाहा | B.SC I year | Meenakshi kushwaha |
| प्रिया कुशवाहा | B.SC I year | Priya kushwaha |
| सविता पैंकरा | B.Sc I year | Savita |
| सुरेश राजवाड़े | B.Sc I year | [illegible] |
| शैलेन्द्री प्रधान | B.Sc. I year | Shailendri |
| जयन्ती प्रधान | B.Sc I year | Jayanti |


# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili @gmail.com


## गाजर घास उन्मूलन पर व्याख्यान---

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नियमित गतिविधि के अंतर्गत आज दिनांक 14 अगस्त 2015 को गाजर घास उन्मूलन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया ।उक्त इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमित सिंह बनाफर सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र थे। मुख्य वक्ता ने छात्रों को गाजर घास के बारे में बताते हुए कहा कि यह पौधा हमारे आसपास बरसात के दिनों में सामान्य रूप से मिलता है यह पौधा 1 वर्षीय होता है जोकि हमारे लिए उपयोगी नहीं है परंतु इसके फूल आने पर यह हमारे लिए अधिक नुकसानदायक होता है । इस पौधे के फूल छोटे एवं सफेद रंग के होते हैं जो परिपक्व होने पर वायु के द्वारा फैलाया जाता हैं और इसी माध्यम से हमारे स्वसन स्तंत्र में आकर स्वास एवं दमा जैसी बीमारी उत्पन्न करते हैं इसलिए इस पौधे को फूल आने से पहले नष्ट कर देना सबसे अच्छा समय रहता है। इस पौधे को जैविक रूप से नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिकों के द्वारा दो कीटों का चयन किया गया है जिसका नाम है जाइकोगामा यह किट पौधे के पत्तियों को बहुत तेजी से खा जाता है जिससे पौधे की वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा सरिता किंडो ने गाजर घास के जीवनकाल एवं उस पर नियंत्रण करने के तरीकों के बारे में प्रकाश डाला उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं छात्र उपस्थित रहे।



16.8.2015

### गाजर घास उन्मूलन पर व्याख्यान

सिलफिली। शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में रासेयो इकाई द्वारा गाजर घास का जैविक उन्मूलन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीएससी अंतिम की छात्रा सरिता किंडो ने गाजर घास का परिचय दिया। मुख्य वक्ता कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह ने गाजर घास पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला—सूरजपुर, छ.ग.

## हरियर छत्तीसगढ़ वृक्षारोपण कार्यक्रम 2015

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में पूरे राज्य में 3 अगस्त 2015 को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से एक करोड़ पौधे रोपे जाने का प्रस्ताव किया गया है उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक महाविद्यालय को न्यूनतम 500 पौधे रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा राज्य में 3 अगस्त 2015 को प्रातः 9:00 सभी जगह वृक्षारोपण का कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में आज प्राचार्य डॉ राम कुमार मिश्र के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छात्र संघ के द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में फूलदार सौंदर्य वर्धक एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण के प्रति राज्य शासन की प्रतिबद्धता एवं हरिहर छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के आह्वान पर आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

इस कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय।भूमिका रही। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यापकों में डॉ के आनंद कौशिक डॉ सी एस पटेल शालिनी कुजुर,श्रीमती अंजना एवं कार्यालय स्टॉप में रवि सिंह पहलाद सिदार एवं दिनेश लकड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

बुधवार - 05 अगस्त 2015

## जन, पौधों की सुरक्षा का लिया गया संकल्प

# रोपे गए फलदार पौधे





नगर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते प्राचार्य।

...कुन राम
...ो सरपंच,
... सहायता
...क अरूण
...श्रीवास्तव,
...न, बोधन
...ोष सिन्हा,
...ाड़े, रामू
... प्राथमिक
...जनशिक्षक
...र में एक-

...तत्वाधान
...ा अंतर्गत
...ौधरोपण
...वार को
...नरंगसाय
...टालियन
...म, नपं
...ागीदारी
...सेनानी
...यति में
...ोवर्धन
...गों की
...के ही
...इसकी
...मी का
...क वृक्ष
...रते है।
...गोपाल
...अजय
...प्राचार्य
...खलेश

प्रोत्साहित करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला, सीनियर विंग के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

**मदनपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में आज प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में फलदार वे छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। इस दौरान परिसर में फूलदार व सौंदर्यवर्धक पौधों का भी रोपण किया गया। पर्यावरण के प्रति राज्य शासन की प्रतिबद्धता एवं हरियर छत्तीसगढ़ आहवान पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा 500 पौधे लगाने का लक्ष्य उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. के आनंद कौशिक, डॉ सीएस पटेल, अमित बनाफर, सालिनी कुजूर, अंजना, रवि सिंह, प्रहलाद सिदार, दिनेश लकड़ा आदि उपस्थित थे।

**सीतापुर।** हरियर छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत ग्राम सरगा में पौधरोपण कर वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थितजन द्वारा पौधरोपण के बाद उसके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। शासन के निर्देशानुसार सोमवार को वन विभाग के तत्वाधान में ग्राम सरगा में विद्यालय परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक छात्र एक पौधरोपण के तहत स्कूल परिसर के अंदर फलदार एवं अन्य किस्म के 52 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश गुप्ता ने कहा कि हरियाली

तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सघन पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य नरसिंह,नारायण सिंह विशिष्ट अतिथि सरपंच उमाशंकर सिंह व कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य श्रीमति कलिस्ता अम्खड़ थे। इस दौरान विभिन्न प्रकार के 250 पौधे रोपित किए गए। मुख्य अतिथि नरसिंह नारायण सिंह ने कहा कि एक वृक्ष से हमें परोपकार, धैर्य व सतत विकास की प्रेरणा मिलती है। लगातार वृक्षों की कटाई से हमें कई प्रकार की समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह, सचिव रामकुमार राजवाड़े, शिक्षक एसपी मिंज, एसएस एक्का, गणेश ठाकुर, जितेन्द्र, धनी टोप्पो, अरूण द्विवेदी, प्रहलाद खरे व समस्त स्कूल के स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**दतिमामोड़।** हरियर छत्तीसगढ़ अंतर्गत पंचायत स्तर पर वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम आहुत किया गया। क्षेत्र के ग्राम दतिमा सहित खरसुरा, कुम्दाबस्ती, झूमरपारा, करंजी पुलिस चौकी व सभी स्कूलों में पौधरोपण कर उसके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। हायर सेकेण्डरी स्कूल करंजी में वृहद रूप से पौधरोपित कर प्राचार्य एसके द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे अपने-अपने घरों में भी वृक्षारोपण कर उसे अपने जीवन से ज्यादा महत्व देकर उसकी सुरक्षा करें। पुलिस चौकी करंजी में भी चौकी प्रभारी राजेश प्रताप

जनपद अध्यक्ष श्रीमति ममता सिंह, नपं अध्यक्ष अमित खाखा, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव, अर्जुन यादव, वन विभाग के एसडीओ आरबी पटेल, रेंजर जय प्रकाश पाण्डेय, अवधेश दुबे, बीएमओ डॉ. गोविन्द सिंह, हाईस्कूल प्राचार्य अजय सिंह, गोपीशरण कुशवाहा, नपं उपाध्यक्ष रामजनक कुशवाहा सहित स्कूली बच्चे व कर्मचारी मौजूद थे।

**भटगांव।** हरियर छत्तीसगढ़ योजना अन्तर्गत कलेक्टर जीआर चुरेन्द्र, जिपं सीईओ विवेकानंद झा व जिपं उपाध्यक्ष गिरिश गुप्ता ने डीएव्ही स्कूल जरही में पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कलेक्टर जीआर चुरेन्द्र ने कहा कि सभी लोगों को जल, जंगल का संरक्षण करना चाहिए। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने व अपने जीवन को सुरक्षित बनाए जाने हेतु पौधरोपण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसके फलस्वरूप आज जिलेभर में 42 लाख पौधे रोपित किए गए है। इस दौरान एसईसीएल क्षेत्र के जीएम आपरेशन वीपी सिंह, जिपं सीईओ श्री झा, उपाध्यक्ष श्री गुप्ता अन्य अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर इससे होने वाले फायदे के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराया। साथ ही बनारस मुख्य मार्ग किनारे जरही में मशान नाला के पास सड़क किनारे दोनों और सहायक रेंजर ओपी पाण्डेय, व नपं जरही अध्यक्ष लालमेन राजवाड़े के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान विजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष श्रीमति शशि सिंह, उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, एसडीएम एनएस रघुवंशी, एके वर्मा, प्रदीप नौटियाल, इन्द्रावती पैंकरा, नपं सीएमओ एमपी सिंह, पूरन राजवाड़े, इन्द्रकुंवर राजवाड़े व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

**बिश्रामपुर।** हरियर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कलेक्टर जीआर चुरेन्द्र, सीईओ जिपं विवेकानंद झा, उपाध्यक्ष जिपं गिरीश गुप्ता के आतिथ्य में नगर पंचायत परिसर व डीएव्ही विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान अतिथियों में पौधे लगाए व पर्यावरण संतुलन के लिए इसे आवश्यक बताया। डीएव्ही विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भी पौधरोपण किया गया व इसके सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।...

Scanned with CamScanner

कार्यालय- प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, सूरजपुर (छ.ग.)

क्र0/ 29 / रा.से.यो./

सिलफिली / दिनांक- 31/07/15

प्रति,

महाप्रबंधक
सरगुजा रेल कॉरीडोर
प्राइवेट लिमिटेड, सूरजपुर

विषय:- "ट्री-गार्ड" प्रदाय करने बाबत।

संदर्भ:- छ.ग. शासन/उ.शि.वि./क्र.- 912/उ.शि./रा.से.यो- 306/2015

विषयांतर्गत लेख है कि "हरियर छ.ग. वृक्षारोपण कार्यक्रम 2015 के परिपालन में एवं माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के नेतृत्व में 03 अगस्त 2015" को महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जाना है। महाविद्यालय परिसर में बाउंड्रीवॉल न होने के कारण पौधों की सुरक्षा हेतु "ट्री गार्ड" का अभाव है। कुल 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित है।

अतः आपसे आग्रह है कि उक्त राज्य स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय को "ट्री गार्ड" (50 नग) प्रदान करने का कष्ट करें।

कार्यक्रम अधिकारी

Principal
Govt. College Silphili
Distt. Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय सिलफिली, जिला सूरजपुर, छ ग

## राष्ट्रीय सेवा योजना

क्रमांक 96/रासेयो/2016

सिलफिली, दिनांक 16/9/2016

प्रति,

राज्य संपर्क अधिकारी, पदेन उप सचिव
राष्ट्रीय सेवा योजना
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

**विषयः–हरियर छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण की जानकारी।**
**संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक–37/उच्च शिक्षा रासेयो/2016,नया रायपुर दिनांक–01/7/2016**

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि सत्र 2016–17 में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के रासेयो इकाई एवं महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं द्वारा 15/9/2016 तक की गई वृक्षारोपण की जानकारी निर्धारित प्रारूप में आपकी ओर सादर संप्रेषित हैः–

| संस्था का नाम | वृक्षारोपण करने वाली इकाई | पौधा रोपण की संख्या | पौधारोपण हेतु स्थल | किस एजेंसी के सहयोग से कार्य किया गया | सुरक्षित रखने हेतु किए गए उपाय |
|---|---|---|---|---|---|
| शा. महाविद्यालय सिलफिली,सूरजपुर | 1.एन सी सी | इकाई नहीं | | | |
| शा. महाविद्यालय सिलफिली,सूरजपुर | 2.एन एस एस | 300 पौधे | महाविद्यालय परिसर एवं गोद ग्राम | वन मंडल सूरजपुर, जिला सूरजपुर | ट्री गार्ड हेतु अदानी ग्रुप से पत्राचार एवं व्यक्तिगत संपर्क |
| शा. महाविद्यालय सिलफिली,सूरजपुर | 3.अन्य स्टाफ व छात्र छात्राओं द्वारा | 150 पौधे | महाविद्यालय परिसर | | |
| | कुल संख्या | 450 पौधे | | | |

Programme officer N.S.S.
कार्यक्रम अधिकारी
Govt. College Silphili
Distt. Surajpur (C.G.)

Principal
प्राचार्य
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner





महाविद्यालय सिलफिली
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

र ध.ग्रा० वृक्षारोपण कार्यक्रम सत्र 2016-17

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला–सूरजपुर, छ.ग.

राष्ट्रीय सेवा योजना

email-govt.collegesilphili@gmail.com

क्रमांकः /रासेयो/2016

सिलफिली, दिनांक 13/11/2016

प्रेस विज्ञप्तिः–रा.से.यो. द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा रैली ।

सिलफिली– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत रासेयो इकाई शासकीय महाविद्यालय सिलफिली द्वारा महाविद्यालय परिसर से सिलफिली बस स्टैंड तक स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता संबंधी स्वरचित नारे प्रदर्शित किए गए। रैली के दौरान छात्रों द्वारा लोगों को खुले में शौच से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा घर में बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत कराकर उपयोग में लाने के लिए जागरुक किया गया।

उक्त रैली में स्वयंसेवकों ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा की सार्थकता एवं सफलता में ग्रामवासियों को सकिय रूप से अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया।

उक्त कार्यकम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र वरिष्ठ प्राध्यापक के आनंद कौशिक, प्रो. शालिनी कुजूर, प्रो. अंजना, प्रो. अजय कुमार तिवारी के साथ साथ श्री जफीर अहमद, श्री गोविंद मंडल, श्री मिथुन समद्दार तथा सुश्री नीति कौर की सकिय भूमिका रही। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर ने किया।

कार्यकम अधिकारी<br>रासेयो इकाई

प्राचार्य<br>शा. महाविद्यालय सिलफिली<br>जिला–सूरजपुर

Principal<br>Govt. College Silphili<br>Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

login: www.haribhoomi.com

15.11.2016

## खबर संक्षेप




स्वच्छता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

# निकली स्वच्छता रैली

**बिश्रामपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शासकीय महाविद्यालय सिलफिली की रासेयो इकाई द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय परिसर से सिलफिली बस स्टैण्ड तक निकाली गई जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता के संबंध में स्वरचित नारे से लोगों को जागरूक करने की पहल की गई। साथ ही लोगों को खुले में शौच से होने वाली परेशानियों के संबंध में भी बताया गया। इसाके अलावा घरों में बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत कराकर उपयोग में लाने हेतु भी जागरूक किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्रा, आनंद कौशिक, शालिनी कुजूर, अंजना, अजय कुमार तिवारी, जफीर अहमद, गोविन्द मंडल, मिथुन समद्दार, नीति कौर, कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर व अन्य सक्रिय थे।

Scanned with CamScanner




"स्वच्छता पखवाड़ा अभियान"




स्वच्छता पखवाड़ा :- प्राचार्य महोदय द्वारा स्व
दिनांक - 12 नं. 2016

Scanned with CamScanner




स्वच्छता पखवाड़ा में - महाविद्यालय परिसर की सफाई करते हुए प्राचार्य महोदय एवं छात्र




स्वच्छता पखवाड़ा - महाविद्यालय परिसर की सफाई
दिनांक - 12.11.2016

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय सिलफिली, जिला सूरजपुर, छ ग

राष्ट्रीय सेवा योजना

कमांकः /रासेयो/2016 सिलफिली, दिनांक 04/11/2016

प्रेस विज्ञप्तिः—रा.से.यो. के स्वयं सेवकों द्वारा की गई छठ घाट की सफाई ।

सिलफिली— छ.ग. शासन उ.शि.विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत रासेयो ईकाई शासकीय महाविद्यालय सिलफिली द्वारा ग्राम सिलफिली गोड़पारा के स्थानीय छठ घाट पासेन नाला की सफाई का कार्यकम आयोजित किया गया। इस कार्य में छात्रों द्वारा नाला के किनारें विसर्जित मुर्तियों के अवशेष व प्लास्टिक के कचरें की सफाई की गयी एंव साथ ही नाले के जलीय घास की सफाई भी की गई। उक्त कार्यकम में महाविद्यालय के छात्र अशोक यादव, मुनेश्वर,देवेन्द्र गिरि,मधेश्वर, इन्द्रजीत यादव एंव अन्य छात्रों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी अमित सिहं बनाफर एंव प्रो0जफीर अहमद के किया।

कार्यकम अधिकारी

प्राचार्य
Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय सिलफिली, जिला सूरजपुर, छ ग

## राष्ट्रीय सेवा योजना

क्रमांक /रासेयो/2016

सिलफिली, दिनांक 22/10/2016

प्रेस विज्ञप्ति. **पण्डोनगर में स्वच्छता रैली**

**सिलफिली** – शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के रासेयो इकाई द्वारा 22.10.2016 को ग्राम पण्डोनगर में स्वच्छ भरत अभियान कार्यकम के अर्न्तगत नारे एंव प्रेरणा गीत के साथ रैली निकाली गई। रैली पण्डो नगर में स्थित राष्ट्रपति भवन से प्रारभ होकर पूरी बस्ती तकचली ,रैली के बाद छात्रो द्वारा राष्ट्रपति भवन की सफाई की गई एंव समुह बनाकर बस्ती क घरो में जा कर लोगो की स्थानीय समस्या के बारे में जानकारी ली गई साथ ही ग्राम में बने शौचालयो का उपयोग करने के लिए उनहे प्रेरित किया गया एंव खुले में शौच करने से होने वाले बिमारीयों के बारो में अवगत करया ।

उक्त कार्यकम मे संस्था कें प्राचार्य डॉ0 राम कुमार मिश्र, प्रो0 के0 आनंद कौशिक प्रो0 अजय तिवारी प्रो0 शालीनि शान्ता कुजूर प्रो0 अंजना एंव प्रो0गोविंद मण्डल एंव मिथुन सरकार ने अपना योगदान दिया। कार्यकम का नेतृत्व कार्यकम अधिकारी अमित सिंह बनाफर ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी
Programme officer N.S.S
Govt. College Silphili
Distt.Surajpur (C.G )

प्राचार्य
Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner




"पण्डोनगर बस्ती में स्वच्छता रैली" - 22.10.2016

दैनिक भास्कर 24 अक्टूबर 2016

# रैली निकालकर राष्ट्रपति भवन में की गई सफाई

## स्वच्छता अभियान के तहत निकाली गई रैली




**भास्कर संवाददाता | अंबिकापुर**

सिलफिली शासकीय महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा शनिवार को पंडोनगर में स्वच्छता अभियान के तहत रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर के नेतृत्व में रैली पंडोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन से शुरू होकर पूरी बस्ती तक चली। इसके बाद राष्ट्रपति भवन की साफ-सफाई कर घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों को टायलेट का उपयोग करने समझाइश दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र, प्रो. के आनंद कौशिक, अजय तिवारी, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, गोविंद मंडल, मिथुन सरकार का योगदान रहा।

स्वच्छता रैली अभियान :- पण्डोनगर
दिनांक - 22.10.2016

Scanned with CamScanner

# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
# जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

दिनांक– 22/09/2017

## "स्वच्छता ही सेवा" अभियान

भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार भारत सरकार के स्वच्छता के विषय को पूरे देश में जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2017 के दौरान "स्वच्छता ही सेवा" थीम पर विशेष अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। उक्त अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों विभिन्न समुदायों जनप्रतिनिधियों सामुदायिक संगठनों स्वशासी संगठनों आदि को भी सम्मिलित किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ।

उक्त निर्देश के परिपालन में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दिनांक 22 सितंबर 2017 को महाविद्यालय के छात्रों के बीच स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के 15 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रियंका साहा एवं प्रीति सिंह ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक यादव एवं द्वितीय स्थान पर जयंती राय रही।

दिनांक23 सितंबर2017 को छात्रों के बीच स्वच्छता नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 21 छात्रों ने भाग लिया। नारा लेखन में सुंदर साय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ट्विंकल गिरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस अभियान के अंतिम दिन 2 अक्टूबर 2017 को गांधी जयंती के दिन महाविद्यालय के प्राचार्य रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता में गांधी जयंती मनाया गया एवं इसी दिन स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं गांधी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। छात्राओं के द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन "वैष्णो भजन को तेने कहिए" का गायन किया गया। अध्यक्ष उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने छात्रों को कहा कि - जीवन में कोई भी अच्छी आदत आने में समय लगता है परंतु

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

यदि हम इस आदत को अपने दैनिक जीवन में लाने का प्रयास करें तो निश्चित रूप से यह अच्छी आदत हमारे जीवन का एक हिस्सा बन जाता है। स्वच्छ रहना एवं अपने आसपास को स्वच्छ रखना एक अच्छी आदत है जिसे हम अपना लें तो हमें न केवल शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलेगी अपितु हम मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे क्योंकि यह कहा जाता है कि "स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है।" प्राचार्य महोदय द्वारा छात्रों के इस तीन दिवसीय गतिविधियों के लिए उन्हें बधाई दी और यह उम्मीद भी जताई की यह स्वच्छता अभियान केवल महाविद्यालय परिसर तक सीमित न रहकर अपने व्यक्तिगत जीवन में भी एक आदत के रूप में शामिल हो जाए।

उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ के. आर. जटवार, श्री अजय कुमार तिवारी, श्रीमती अंजना, श्रीमती शालिनी सांता कुजुर एवं सभी प्राध्यापको एवं स्टाफ के अन्य सदस्यों ने ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।




स्वच्छता ही सेवा अभियान:-
चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता - 22.09.2017

Scanned with CamScanner




महाविद्यालय से सिलफिली बस स्टैण्ड तक रैली




शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

स्वच्छता रैली कार्यक्रम- स्थान- सिलफिली बस स्टैण्ड
2017-18.

Scanned with CamScanner